No. of Printed Pages : 4

2015

# सामान्य-ज्ञान
# GENERAL KNOWLEDGE

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200**

**नोट :** (i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

**Note :** (i) **All** questions are compulsory.

(ii) Marks carried by each question are indicated against it.

1. (अ) संगत न्यायालयी वादों के दृष्टांत देते हुए भारत में 'न्यायिक सक्रियता' की व्याख्या कीजिए । (शब्द सीमा : 150) **10**

(ब) निम्नलिखित पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ लिखिए : (शब्द सीमा : 75 प्रत्येक) **10**

(i) विधि का शासन

(ii) लोक सेवकों के लिए 'प्रसाद का सिद्धांत'

(a) Citing relevant court cases, explain 'judicial activism' in India. (word limit : 150)

(b) Write explanatory notes on the following : (word limit : 75 each)

(i) Rule of Law

(ii) 'Doctrine of Pleasure' for public servants.

2. प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की निम्नलिखित देशों की यात्राओं के प्रतिफलों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए : (शब्द सीमा : 75 प्रत्येक) **20**

(i) श्रीलंका (मार्च 2015) (ii) चीन (मई 2015)

(iii) बांग्लादेश (जून 2015) (iv) यू ए ई (अगस्त 2015)

Critically analyse the outcome of the visits of Prime Minister Narendra Modi to the following countries : (word limit : 75 each)

(i) Sri Lanka (March 2015) (ii) China (May 2015)

(iii) Bangladesh (June 2015) (iv) UAE (August 2015)

3. (अ) 'मेक इन इण्डिया' अभियान का लक्ष्य उल्लिखित कीजिए एवं इस अभियान की प्रगति की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए । (शब्द सीमा : 150) **10**

(ब) चीनी मुद्रा युआन के हाल में हुए अवमूल्यन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव हुआ है ? (शब्द सीमा : 75) **5**

(स) 'लेखानुदान' और 'प्रत्ययानुदान' में अन्तर समझाइए । (शब्द सीमा : 75) **5**

(a) Mention the objectives of 'Make in India' campaign and critically discuss the progress of this campaign. (word limit : 150)

(b) What has been the effect of the recent devaluation of Chinese Currency Yuan on Indian Economy ? (word limit : 75)

(c) Explain the difference between 'vote on account' and 'vote on credit'. (word limit : 75)

4. जनगणना 2011 के आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित को अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए : **20**

(अ) चंडीगढ़, दमण एवं दीव, दिल्ली, पुडुचेरी तथा लक्षद्वीप संघ शासित प्रदेशों को जनघनत्व के अनुसार ।

(ब) गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मिजोरम तथा त्रिपुरा राज्यों को साक्षरता दर के अनुसार ।

(स) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, जौनपुर, मऊ तथा प्रतापगढ़ जिलों को लिंगानुपात के अनुसार ।

(द) उत्तर प्रदेश के देवरिया, सन्त कबीरनगर, सन्त रविदासनगर, गौतम बुद्धनगर तथा वाराणसी जिलों को जनघनत्व के अनुसार ।

Based on the figures of Census 2011, arrange the following in descending order :

(a) Chandigarh, Daman and Diu, Delhi, Puducherry and Lakshadweep Union Territories in accordance with population density.

(b) Goa, Himachal Pradesh, Kerala, Mizoram and Tripura States in accordance with literacy rate.

(c) Azamgarh, Ambedkar Nagar, Jaunpur, Mau and Pratapgarh districts of Uttar Pradesh in accordance with sex-ratio.

(d) Deoria, Sant Kabirnagar, Sant Ravidasnagar, Gautam Buddhanagar and Varanasi districts of Uttar Pradesh in accordance with population density.

5. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : (शब्द सीमा : 50 प्रत्येक) **20**

(i) पेन्टावैलेन्ट वैक्सिन
(ii) ऐस्ट्रोसैट
(iii) अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ऐल्फा)
(iv) सोलर इम्पल्स
(v) विदिंग्स होम
(vi) अग्नि-V
(vii) सागा (एस ए जी ए) – 220
(viii) बीटी – कॉटन
(ix) एबोला विषाणु
(x) शीत मेघ

Write notes on the following : (word limit : 50 each)

(i) Pentavalent Vaccine
(ii) Astrosat
(iii) International Space Station (Alfa)
(iv) Solar Impulse
(v) Withings Home
(vi) Agni-V
(vii) SAGA – 220
(viii) BT – Cotton
(ix) Ebola Virus
(x) Cold Cloud

6. (अ) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता प्राप्त करने से भारत को क्या लाभ हैं और इसमें क्या प्रमुख अड़चने हैं ? (शब्द सीमा : 150) **10**

(ब) निम्नलिखित व्यक्ति चर्चा में क्यों रहे ? (शब्द सीमा : 50 प्रत्येक) **10**

(i) सुन्दर पिचाई
(ii) विजय शेषाद्रि
(iii) डॉ. ए. शिवथानु पिल्लई
(iv) बेनी ताई-यूतिंग
(v) पैट्रिक मोडिआनो

(a) What are the benefits that India will have by getting a permanent membership of the United Nations Security Council and what are the main obstacles in the way ? (Word limit : 150)

(b) Why have the following been in the news ? (word limit : 50 each)

(i) Sundar Pichai
(ii) Vijay Sheshadri
(iii) Dr. A. Sivathanu Pillai
(iv) Benny Tai-Yiuting
(v) Patrick Modiano

7. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : (शब्द सीमा : 75 प्रत्येक) **20**

(i) सागर माला परियोजना
(ii) सर क्रीक
(iii) एम ए एस टी (दूरबीन)
(iv) तापी (टी ए पी आई) पाइपलाइन

Write notes on the following : (word limit : 75 each)

(i) Sagar Mala Project
(ii) Sir Creek
(iii) MAST (Telescope)
(iv) TAPI pipeline

8. (अ) "यद्यपि नीति निदेशक तत्त्व तथा मूल अधिकार एक दूसरे के परिपूरक हैं, तथापि कुछ पहलू में भिन्न हैं ।" कथन का विश्लेषण कीजिए । (शब्द सीमा : 150) **10**

(ब) निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : (शब्द सीमा : 75 प्रत्येक) **10**

(i) चित्रण (पेन्टिंग) में जहांगीर की अभिरुचि
(ii) अण्डमान एवं निकोबार की भौगोलिक स्थिति

(a) Analyse the statement : "Though Directive Principles and Fundamental Rights are complementary to each other, yet these differ in some aspects." (word limit : 150)

(b) Write notes on the following : (word limit : 75 each)

(i) Jahangir's interest in painting
(ii) Geographical position of Andaman and Nicobar

9. (अ) निम्नलिखित पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ लिखिए : (शब्द सीमा : 50 प्रत्येक) **15**

(i) मुद्रा (एम यू डी आर ए) बैंक
(ii) नीति (एन आई टी आई) आयोग
(iii) घाटे की वित्त-व्यवस्था
(iv) प्रतिच्छाया बैंकिंग प्रणाली
(v) भारत का राष्ट्रीय सौर मिशन

(ब) निम्नलिखित शब्द संक्षेपों के पूर्ण रूप लिखिए : **5**

(i) HTTPS
(ii) ISO
(iii) OECD
(iv) IPCC
(v) AMRUT

(a) Write explanatory notes on the following : (word limit : 50 each)

(i) MUDRA Bank

(ii) NITI Aayog

(iii) Deficit Financing

(iv) Shadow Banking System

(v) India's National Solar Mission

(b) Write full form of the following abbreviations :

(i) HTTPS

(ii) ISO

(iii) OECD

(iv) IPCC

(v) AMRUT

10. (अ) निम्नलिखित की अवस्थिति तथा महत्त्व बताइए : (शब्द सीमा : 50 प्रत्येक) 10

(i) अशोक की ग्यारहवीं शिला राजाज्ञा

(ii) बुलन्द दरवाजा

(iii) बनावली

(iv) सारनाथ

(v) खुसरो बाग

(ब) भारत सरकार अधिनियम, 1935 पर जवाहरलाल नेहरू तथा मुहम्मद अली जिन्ना की क्या प्रतिक्रियाएँ थीं ? (शब्द सीमा : 75) 5

(स) निम्नलिखित पुस्तकों के लेखक कौन हैं ? 5

(i) तहकीक-ए-हिन्द

(ii) जय सोमनाथ

(iii) सोज़-ए-वतन

(iv) द मैन हू डिवाइडेड इन्डिया

(v) इमर्जिंग इण्डिया : इकनॉमिक्स, पॉलिटिक्स एण्ड रिफार्म्स

(a) Give the location and importance of the following : (word limit : 50 each)

(i) Eleventh rock edict of Ashoka

(ii) Buland Darwaza

(iii) Banawali

(iv) Sarnath

(v) Khusro Bagh

(b) What were the reactions of Jawaharlal Nehru and Muhammad Ali Jinnah on Government of India Act, 1935 ? (word limit : 75)

(c) Who are the authors of the following books ?

(i) Tahqiq-i-Hind

(ii) Jai Somnath

(iii) Soz-e-Watan

(iv) The Man Who Divided India

(v) Emerging India : Economics, Politics & Reforms

---

2015

# भाषा
# LANGUAGE

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

**Note :** **All** Questions are compulsory. Marks are allotted against each question.

1. Write an essay in English on any **one** of the following topics, not exceeding **500** words : **60**
   (i) Advances in recent technologies.
   (ii) Women Empowerment and Judiciary.
   (iii) Global Warming and its causes.

2. Make a précis of the following passage in your own words in about one-third of its length and suggest a suitable title to it. **58+2=60**

   Pride of race is even more harmful than national pride. When I was in China I was struck by the fact that cultivated Chinese were perhaps more highly civilized than any other human beings, that it has been my good fortune to meet. Nevertheless, I found numbers of gross and ignorant white men who despised even the best of the Chinese solely because their skins were yellow. In general, the British were more to blame in this than Americans, but there were exceptions, I was once in the company of a Chinese scholar of vast learning, not only of the traditional Chinese kind, but also of the kind taught in Western universities, a man with a breadth of culture which I scarcely hoped to equal. He and I went together into a garage to hire a motor car. The garage proprietor was a bad type of American, who treated my Chinese friend like dirt, contemptuously accused him of being Japanese, and made my blood boil by his ignorant malevolence. The similar attitude of the English in India, exacerbated by their political power, was one of the main causes of the friction that arose in that country between the British and the educated Indians. The superiority of one race to another is hardly ever believed in for any good reason. Where the belief persists it is kept alive by military supremacy. So long as the Japanese were victorious, they entertained a contempt for the white man, which was the counterpart of the contempt that white man had felt for them while they were weak. Sometimes, however, the feeling of

superiority has nothing to do with military prowess. The Greeks despised the barbarians, even at times when the barbarians surpassed them in warlike strength, the more enlightened among the Greeks held that slavery was justifiable so long as the masters were Greek and the slaves barbarians, but that otherwise it was contrary to nature. (323 words)

3. Translate the following passage into English : 40

लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना मौलिक अधिकार है बशर्ते उसमें सामान्य जनजीवन का उत्पीड़न न हो, सरकारी संपत्ति को हानि न पहुँचे और निजी संपत्तियों से खिलवाड़ न हो । अगर आह्वानकर्ता की माँगों से सामान्य जन खुद को जोड़ते हुये उसमें भाग लेना चाहें तो किसी को एतराज नहीं है । जन सभा करें, भाषण में तर्कपूर्ण ढंग से अपनी बात रखें, पोस्टर टाँगे, झंडे-बैनर लगायें, ज्ञापन दें, सब चलेगा अगर आम जनता को असुविधा न हो । बच्चे विद्यालय से घर न जा सकें, कर्मचारी कार्यालय न पहुँच सकें, मरीज को इलाज न मिल सके, यह नहीं चलेगा । आंदोलन चाहे राजनीतिक दलों का हो या सरकारी कर्मचारी संगठनों का, आंदोलन चाहे श्रमिकों का हो या बिजली, पानी उपभोक्ताओं का, सभी की एक सी प्रवृत्ति हो चुकी है । आरक्षण की माँग हो या नौकरी पक्की करने की, सबका आंदोलन यहीं से शुरू होता है और यहीं पर खत्म । पब्लिक को रोको, जाम लगा दो, सरकारी वाहन पर पथराव कर दो, मौका लगे तो आग लगा दो । सरकार के कान तक अपनी बात पहुँचाने का सभी के पास एकमात्र यही रास्ता रह गया है । हिंसात्मक प्रदर्शन भारतीय जनतंत्र की प्रगति में एक बड़ा रोड़ा है ।

4. Translate the following passage into Hindi : 40

Most people seek the help (guidance) of god-men not for spiritual purposes but for improving their material lives. Will I get a promotion or will my colleague beat me to it ? Will I get the party ticket to contest elections, if yes, will I win ? Will my new venture make profits ? These are some of the typical problems for which people seek guidance or answers. These issues stem from fear-fear of the uncertain. Humans love to peep into the future and when they are assured by their <u>baba</u> or <u>mataji</u> that all will be well (if not today, then tomorrow), they heave a sigh of relief, when some of their problems are resolved, thanks to some luck or the normal course of things, they attribute it to the miracles and the protective hand of the guru.

---

No. of Printed Pages : 8

2015

# विधि (अधिष्ठायी विधि) : प्रश्न-पत्र-I

# LAW (Substantive Law) : Paper-I

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

**Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200**

**नोट :** अभ्यर्थियों को प्रश्न सं. **1** तथा **2** करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करें । कुल **छः** प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

**Note :** Candidates have to attempt Question Nos. **1** and **2**, and not more than **four** of the remaining ones. Attempt **six** questions in all. Marks carried by each question are indicated at its end.

1\. (अ) यह सोचना भ्रामक है कि निदेशक सिद्धान्त तथा मूलभूत अधिकार अपने अंतिम उद्देश्यों में परस्पर विरोधी हैं । वे वस्तुत: एक दूसरे के पूरक तथा अनुपूरक हैं तथा दोनों एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था को सुनिश्चित करके सामाजिक-आर्थिक कल्याण करने के लिए प्रयासरत हैं जिसमें न्याय तथा वैयक्तिक स्वतंत्रता सुरक्षित रहे । समीक्षात्मक टिप्पणी कीजिए । 15

(ब) "वाक् स्वतंत्रता को केवल राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, लोक-व्यवस्था, शिष्टता या नैतिकता या न्यायालय की अवमानना, मानहानि या अपराध हेतु उद्दीपन के हित में निर्बन्धित किया जा सकता है ।" प्रेस की स्वतंत्रता के संबंध में उपयुक्त निर्णीत वादों की सहायता से उपर्युक्त कथन का विशद विवेचन कीजिए । 15

(स) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के संदर्भ में किसी राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता का क्या अर्थ है ? समझाइये । उपरोक्त अभिव्यक्ति में किन परिस्थितियों का समावेश हो सकता है और किन परिस्थितियों का नहीं ? यह स्पष्ट कीजिए । 10

(द) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 में "दैहिक स्वतंत्रता" अभिव्यक्ति की परिधि का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए । क्या आपके विचार में अनुच्छेद 21 में "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया" अभिव्यक्ति इस विषय पर भारत में, अमेरिका के "विधि की सम्यक प्रक्रिया" को प्रवर्तित करती है ? वर्णन कीजिए । **10**

(a) It is fallacious to think that Directive Principles and Fundamental Rights are opposed to one another in their ultimate objectives. They are in fact complementary and supplementary to each other and both striving to secure socio-economic welfare by ensuring a social order in which justice and individual liberty are safeguarded. Comment critically.

(b) "Freedom of speech can be restricted only in the interest of the security of the state, friendly relations with foreign states, public order, decency or morality or in relation to contempt of court, defamation or incitement to an offence." Elucidate the above statement with suitable case laws in relation to the freedom of the press.

(c) Explain what is meant by the expression "Failure of constitutional machinery in a state under Article 356 of the Constitution of India". Which situation will fall and which will not fall within the expression ? Explain.

(d) Critically evaluate the scope of the expression 'Personal Liberty' in Article 21 of the Constitution of India. Do you think that the expression 'procedure established by law' in Article 21 introduces in India, the American 'due process clause' on the subject ? Discuss.

2. (अ) हिंदू विधि किन व्यक्तियों पर लागू होती है ? संयुक्त हिन्दू परिवार के विभाजन में हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार किसे है ? हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत परस्पर सम्मति से हुए विवाह-विच्छेद की व्याख्या कीजिए । **10**

(ब) (i) शरीयत एक्ट, 1937 के मुख्य प्रावधान बताइए । इस अधिनियम द्वारा आये परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए । **6**

(ii) 'अ' की एक पत्नी 'ब', एक अविवाहित पुत्री 'स' तथा एक पुत्र 'द' है । 'अ' अपनी सारी संपत्ति अपने पुत्र 'द' को दान कर देता है । क्या यह दान वैध है ? इस दान के विरुद्ध 'ब' तथा 'स' के भरण-पोषण के अधिकार के संरक्षण के लिए कौन से कदम उठाये जाने चाहिए ? स्पष्ट कीजिए । **4**

(स) एक प्रस्ताव को किस तरह प्रस्तावित, रद्द या स्वीकृत किया जा सकता है ? जब एक प्रस्ताव डाक द्वारा अथवा टेलीफोन द्वारा किया जाता है, तब कौन से नियम लागू होते हैं ? वर्णन कीजिए । 10

(a) Who are the persons governed by Hindu Law ? Who are entitled to share a partition in joint Hindu family ? Explain divorce by mutual consent under the Hindu Marriage Act, 1955.

(b) (i) Describe the main provisions of the Shariat Act, 1937. State the changes brought about by it.

(ii) 'A' has a wife 'B', an unmarried daughter 'C' and a son 'D'. 'A' makes a gift of his entire property to his son 'D'. Is the gift valid ? What steps must be taken to protect the right of maintenance of 'B' and 'C' against the gift ? Explain.

(c) How can an offer be made, revoked or accepted ? What rules apply when an offer is made through post or over the telephone ? Discuss.

3. (अ) संपत्ति की व्याख्या कीजिए । किन संपत्तियों का हस्तांतरण नहीं हो सकता ? 'विक्रय करने का करार' तथा 'विक्रय' में अंतर समझाइए । 15

(ब) निर्वाचन के सिद्धांत की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । संपत्ति-अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 35 के अन्तर्गत वर्णित निर्वाचन के सिद्धांत की मुख्य शर्तों का भी उल्लेख कीजिए । 15

(a) Discuss Property. What are the properties which cannot be transferred ? Distinguish between 'Sale' and 'Agreement to Sell'.

(b) Discuss the doctrine of election with the help of illustrations. Also discuss the important conditions relating to doctrine of election as provided under Section 35 of Transfer of Property Act, 1882.

4. (अ) भागीदारी क्या है ? इसके आवश्यक तत्त्वों को बताइए । भागीदारी तथा संयुक्त हिन्दू परिवार में अंतर स्पष्ट कीजिए । 15

(ब) किन दशाओं में एक भागीदारी फर्म का न्यायालय द्वारा समापन किया जा सकता है ? एक भागीदारी फर्म का पंजीकरण न कराने के क्या परिणाम होते हैं ? वर्णन कीजिए । 15

(a) What is Partnership ? State its essential elements. Distinguish between partnership and joint Hindu family.

(b) Under what circumstances can a partnership firm be dissolved by the court ? What are the consequences, if a partnership firm is not registered ? Discuss.

5. (अ) "रायलैण्ड बनाम फ्लेचर के नियम का एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (1987) में उच्चतम न्यायालय द्वारा संवैधानिक उपबंधों के प्रकाश में निर्वचन किया गया है ।" रायलैण्ड बनाम फ्लेचर में अभिनिर्धारित किए गए नियम की व्याख्या कीजिए । उल्लिखित कथन को ध्यान में रखते हुए उक्त नियम के संदर्भ में भारत में समतुल्य विकास की व्याख्या कीजिए । **10 + 5**

(ब) "कर्त्तव्य पालन के समय दिया गया वक्तव्य विशेषाधिकृत है ।" ऐसे वक्तव्य का मानहानि के अपकृत्य के परिवेश में परीक्षण कीजिए । **15**

(a) "The rule in Rylands Vs. Fletcher is interpreted in the light of the Constitutional provision by the Supreme Court in M.C. Mehta Vs. Union of India (1987)." Explain the rule laid down in Rylands Vs. Fletcher. Keeping in mind the aforementioned statement, elaborate the corresponding development in India with reference to the said rule.

(b) "A statement made in performance of duty is privileged." Examine such statement referring to tort of defamation.

6. (अ) न्यास को परिभाषित करें । इसके सर्जन तथा विभिन्न प्रकार को बताइए । **10**

(ब) न्यासधारी की परिभाषा दीजिए । न्यासधारियों के कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख करें । **10**

(स) निम्न सूत्रों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए :

(i) समता ही साम्य है । **5**

(ii) साम्य किसी अपकृति को उपचार विहीन नहीं रहने देगा । **5**

(a) Define trust. Discuss its creation and the different kinds.

(b) Define trustee. Describe duties and liabilities of trustees.

(c) Explain the following maxims with illustrations :

(i) Equality is equity.

(ii) Equity will not suffer a wrong to be without a remedy.

7. (अ) सुखाधिकार से आप क्या समझते हैं ? इसके उत्पत्ति एवं विकास की व्याख्या करें । प्रथागत अधिकार तथा प्रथागत सुखाधिकार में क्या अंतर है ? बताइए । 15

(ब) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत वे कौन सी संविदाएँ हैं जिनका विनिर्दिष्टतः अनुपालन कराया जा सकता है ? संविदाओं के विखंडन की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए । 15

(a) What do you mean by easement ? Explain its origin and development. What is distinction between customary right and customary easement ? State.

(b) Which are the contracts which would be specifically performed under the Specific Relief Act, 1963 ? Explain about the recission of contracts with illustrations.

8. (अ) "किसी करार की पवित्रता ही संविदा विधि की नींव है और असम्भवता के सिद्धांत को इसकी पवित्रता को नष्ट करने का उपकरण नहीं बनने दिया जा सकता" उक्त कथन की विवेचना कीजिए । 15

(ब) दत्तक कौन दे सकता है ? दत्तक कौन ग्रहण कर सकता है ? दत्तक ग्रहण के क्या प्रभाव होते हैं ? वर्णन कीजिए । 15

(a) "The sanctity of a contract is the foundation of the law of contract and the doctrine of impossibility cannot be permitted to become a device for destroying this sanctity." Explain this statement.

(b) Who can give adoption ? Who can adopt ? What are the effects of adoption ? Discuss.

9. (अ) तलाक को परिभाषित करें । मुस्लिम विधि में तलाक की विभिन्न रीतियों का वर्णन करें । तलाक के सम्बन्ध में सुन्नी एवं शिया विधि में क्या अंतर है ? समझाइए । 10

(ब) (i) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत मेहर के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें । 10

(ii) हीना, एक मुस्लिम विधवा, पति की मृत्यु के तीस दिनों के अंदर पुन:विवाह कर लेती है । वैधता प्रकट करें । 10

(a) Define Talak. Explain various modes of talak in Muslim Law. What are distinctions between Sunni and Shia Law regarding talak ? Explain.

(b) (i) Explain different kinds of Mehr in Muslim Law.

(ii) Heena, a Muslim widow, re-marries within 30 days of the death of her husband. Justify it.

10. निम्नलिखित समस्याओं में किन्हीं **तीन** का प्रासंगिक विधि का उल्लेख करते हुए हल कीजिए ।

(अ) 'क' अपना मुक्का 'य' पर इस आशय से या यह सम्भाव्य जानते हुए हिलाता है कि उसके द्वारा 'य' को यह विश्वास हो जाए कि 'क' उसे मारने ही वाला है । 10

(ब) 'ख' जो कि पागल है । 'क' उसके जीवन में उसकी स्थिति के योग्य आवश्यक वस्तुओं का प्रदाय करता है । 'ख' की संपत्ति से 'क' प्रतिपूर्ति पाने का हकदार है । 10

(स) फर्म का एक भागीदार, फर्म के व्यापार के सिलसिले में अकसर बिना टिकट रेल यात्रा करता था । वह रेलवे पुलिस द्वारा पकड़ा गया । अन्य भागीदारों ने उसके व्यवहार पर आपत्ति जतायी तथा न्यायालय द्वारा फर्म के विघटन की बात कही । क्या भागीदार सफल होंगे ? 10

(द) 'क', जो 'य' का मित्र है, 'य' की अनुपस्थिति में 'य' के पुस्तकालय में जाता है और 'य' की अभिव्यक्त सम्मति के बिना एक पुस्तक केवल पढ़ने के लिए और वापस करने के आशय से ले जाता है । 10

Solve any **three** of the following problems by referring to relevant laws.

(a) 'A' shakes his fist at 'Y', intending or knowing it to be likely that he may thereby cause 'Y' to believe that 'A' is about to strike 'Y'.

(b) 'A' supplies 'B', who is a lunatic, with necessaries suitable to his condition in life. 'A' is entitled to be reimbursed from 'B's property.

(c) One of the partners of a firm, while on touring for business of the firm, usually travelled in rail without ticket. In consequence, he was caught by railway police. The other partners objected to his conduct and sought dissolution of firm through court. Whether the partners would succeed ?

(d) 'A', being on friendly terms with 'Y' goes into Y's library in Y's absence and takes away a book without Y's express consent for the purpose merely of reading it and with intention of returning it to his friend.

---

No. of Printed Pages : 12

2015

# विधि (प्रक्रिया एवं साक्ष्य) : प्रश्न-पत्र-II

# LAW (Procedure and Evidence) : Paper-II

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**नोट :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है । प्रत्येक खंड से कम से कम **एक** प्रश्न का उत्तर अवश्य दिया जाये । प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सम्मुख अंकित हैं ।

**Note :** Attempt **five** questions in all. Question No. **1** is compulsory. At least **one** question must be answered from each section. Marks carried by each question have been indicated against the question.

1. (अ) दिनांक 04.07.2000 को राधे श्याम ने राम कुमार के साथ ₹ 26,000 प्रति एकड़ की दर पर कुल ₹ 1,30,000 प्रतिफल पर 5 एकड़ का भूमि का टुकड़ा क्रय करने का करार किया । उसी दिन राधे श्याम ने राम कुमार को इस विशिष्ट शर्त पर ₹ 20,000 का भुगतान कर दिया कि वह विक्रय प्रतिफल के सम्पूर्ण अवशेष का भुगतान चार माह के भीतर करके भूमि का वैध पंजीकृत विक्रय विलेख अपने नाम में प्राप्त कर लेगा । राधे श्याम ने विक्रय प्रतिफल का अवशेष भुगतान दिनांक 28.08.2001 को कर दिया तथा भूमि का कब्ज़ा उसे परिदत्त कर दिया गया । तदोपरांत उक्त भूमि पर उसके कब्जे की पुष्टि करते हुए राम कुमार ने राधे श्याम के पक्ष में विक्रय का कब्जे सहित करार दिनांकित 28.08.2001 निष्पादित कर दिया । दिनांक 04.01.2014 को मूर्ति बैंक ने राधे श्याम को इस कथन का विधिक नोटिस भिजवाया कि उक्त भूमि मूर्ति बैंक के पक्ष में साम्यिक बंधक के अधीन है । तब राधे श्याम ने उक्त भूमि पर अपना अधिकार, स्वत्व तथा हित एवं कब्ज़ा स्थापित करते हुए तथा यह आरोप लगाते हुए कि राम कुमार ने उक्त भूमि मूर्ति बैंक के पास बंधक होने का तथ्य छुपाकर उसके साथ छल किया है, नोटिस का उत्तर भिजवाया ।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रतिवादियों के विरुद्ध मांगे जा सकने योग्य सभी प्रकार के मौलिक तथा वैकल्पिक अनुतोषों की माँग करते हुए राधे श्याम की ओर से एक वाद-पत्र तैयार कीजिए । 20

(ब) लगाए गए आरोपों के सन्दर्भ में सभी सम्भव प्रतिवाद करते हुए उपरोक्त में रचित वादपत्र के उत्तर में राम कुमार की ओर से एक लिखित कथन का प्रारूप तैयार कीजिये । 20

**अथवा**

दिनांक 10.06.2014 को राम किशन और उसका भतीजा राजीव, एक भूखंड क्रय हेतु ₹ 1,50,000 डिकी में रखकर, मोटरसाइकिल पर जा रहे थे । जब वह प्रात: 10 बजे गजरौला, जिला ज्योतिबा फुले नगर, उत्तर प्रदेश में एक फार्म के समीप पहुँचे, तो दो अभियुक्त व्यक्ति – रणजीत और राजेंदर पीछे से मारुती कार में आये उन्होंने देसी तमंचा दिखाकर धमकाया और उन्हें रुकने के लिए कहा तथा जैसे ही वह रूके, रणजीत और राजेंदर ने उनसे रुपया उन्हें सौंप देने के लिए कहा । राम किशन और राजीव ने उन्हें मोटर साइकिल की चाबी सौंप दी । रणजीत और राजेंदर ने रुपये डिकी से निकाल लिए और तेज गति से भाग गए । राम किशन ने इस घटना की सूचना सहायक उप-निरीक्षक अखिलेश कुमार को दी जो उन्हें पुलिस थाना जाते समय रास्ते में मिला । इस सूचना के आधार पर गजरौला पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गयी ।

घटना वाली तिथि और समय पर रणजीत और राजेंदर के मोबाइल फोन की लोकेशन अपराध के स्थान के समीप पायी गयी । बंद परिपथ कैमरा की रिकॉर्डिंग ने दर्शाया कि अपराध के लिए प्रयुक्त मारुती कार घटना से आधा घंटा पहले राज मार्ग 24 पर गजरौला के समीप टोल बूथ से गुजरी और टोल का भुगतान किया । यह कार अभियुक्त रणजीत के नाम में पंजीकृत थी । रणजीत और राजेंदर ने विवेचना अधिकारी के समक्ष संस्वीकृति बयान भी दिया तथा कहा कि उन्होंने लूटे गए धन में से ₹ 94,000 व्यय कर दिए हैं तथा ₹ 56,000 की धनराशि रणजीत के घर पर रखी है । ₹ 56,000 की अवशेष धनराशि रणजीत के घर से बरामद हुई ।

रणजीत और राजेंदर ने पुलिस के समक्ष प्रकटीकरण बयान भी दिया जिसमें राम किशन की फर्म के दो कर्मचारियों राजेश और रमन पर समूह का भेदिया होने की भूमिका का आरोप लगाया और कहा कि राजेश और रमन ने रणजीत और राजेंदर को इस तथ्य की सूचना दी थी कि राम किशन मोटर साइकिल में धन लेकर जा रहा है और वह उसे लूट सकते हैं । इसके अतिरिक्त यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने लूटेरों से ₹ 10,000 प्रत्येक का हिस्सा प्राप्त किया है । इसके अतिरिक्त राजेश और रमन के विरुद्ध पुलिस के समक्ष किया गया उनका अपना प्रकटीकरण कथन का साक्ष्य है जिसके कथित अनुसरण में पुलिस ने ₹ 5,000 (अव्ययित राजेश का हिस्सा) तथा ₹ 4,000 (अव्ययित रमन का हिस्सा) उनके पास से बरामद किये ।

रणजीत और राजेंदर ने पुलिस के समक्ष कोई प्रकटीकरण कथन करने से इंकार किया तथा आरोप से भी इंकार किया तथा कथन किया कि घटना के दिन वह गजरौला में नहीं थे एवं अभिवाक् किया कि उन्होंने लूट कारित नहीं की है । विचारण के दौरान राजेश और रमन ने भी प्रकटीकरण कथन करने से इंकार किया तथा मिथ्या फँसाव का अभिवचन किया ।

अभियुक्तों को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 120-बी, 392, 397 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 के अधीन दंडनीय अपराध के लिए आरोपित किया गया ।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर मामले का निर्णय दोषसिद्धि करते हुए लिखिए । 40

(a) On 04.07.2000 Radhey Shyam entered into an agreement with Ram Kumar for purchase of a piece of land of 5 acres at ₹ 26,000 per acre i.e., for a total consideration of ₹ 1,30,000. On that day itself, Radhey Shyam had paid ₹ 20,000 to Ram Kumar towards advance with a specific understanding to pay the entire balance of sale consideration within four months and obtain a regular registered sale deed for the land in his name. Radhey Shyam paid the balance of sale consideration on 28.08.2001 and the possession of the land was delivered to him. Thereafter, Ram Kumar executed a possessory sale agreement dated 28.08.2001 in favour of Radhey Shyam confirming his possession over the said land. On 04.01.2014 the Murti Bank had got issued a legal notice to Radhey Shyam stating that the said land was under equitable mortgage with Murti bank. Then Radhey Shyam got issued a reply notice setting out his right, title and interest and also possession over the said land and also making an accusation that Ram Kumar had cheated him by suppressing the mortgage in respect of the said land with the Murti Bank.

Draft a plaint on behalf of Radhey Shyam on the basis of aforesaid facts claiming all types of reliefs whether primary or alternative, which could be claimed against the defendants, in this matter.

(b) Draft a written statement on behalf of Ram Kumar in reply to the aforesaid plaint, taking all possible defences in reference to aforesaid allegations.

**OR**

On 10.06.2014, Ram Kishan and his nephew Rajeev were going on a motorcycle carrying ₹ 1,50,000 with them in the dicky, for purchasing a piece of land. While they were near a Farm in Gajraula, Jyotiba Phule Nagar District of Uttar Pradesh at around 10 A.M., two accused persons – Ranjeet and Rajender came from behind in Maruti Car. They brandished country made pistol and asked them to stop and as they stopped, Ranjeet and Rajender asked them to hand over the money. Ram Kishan and Rajeev handed over the key of the motorcycle to them. Ranjeet and Rajender took out the



P.T.O.

money from the dicky and sped away. Ram Kishan gave the information of this incident to ASI Akhilesh Kumar whom he met on the way to the Police Station. On the basis of this information an FIR was registered at Gajraula Police Station.

Location of the mobile phones of Ranjeet and Rajender was traced near the place of crime on the date and time of incident. Recording of Closed Circuit Camera showed that the Maruti Car used for crime passed and paid toll at N.H. 24 toll booth situated at Gajraula half an hour before the incident. This car was registered in the name of accused Ranjeet. Ranjeet and Rajender also made confessional statement before the Investigation Officer and said that they have spent ₹ 94,000 out of the looted money and the remaining amount of ₹ 56,000 is lying at the house of Ranjeet. The amount of ₹ 56,000 was recovered from the house of Ranjeet.

Ranjeet and Rajender also made disclosure statement before the police thereby alleging the role of two employees at the firm of Ram Kishan, Rajesh and Raman as the informers of the group and said that Rajesh and Raman had informed Ranjeet and Rajender of the fact that Ram Kishan is carrying the money in a motorcycle and that they could loot him. It is further alleged that they received a share of ₹ 10,000 each from the looters. Further, the evidence against Rajesh and Raman is their own disclosure statement to the police pursuant to which, allegedly, the police recovered ₹ 5,000 (Rajesh's share left unspent) and ₹ 4,000 (Raman's share left unspent) from them.

Ranjeet and Rajender denied having made any disclosure statement before the police and also denied the charge and stated that they were not present in Gajraula on the day of incident and pleaded that they did not commit the robbery. During the trial Rajesh and Raman also denied having made the disclosure statement and pleaded false implication.

The accused were charge-sheeted for the offence punishable under Sections 120-B, 392, 397 of the Indian Penal Code and Section 25 of the Arms Act.

On the basis of facts stated above write a judgment of conviction.

## खण्ड-अ/Section-A

2. (अ) समन के आवश्यक संघटकों का वर्णन कीजिए । प्रतिवादी पर समन तामील करने की विभिन्न रीतियाँ क्या हैं ? 10

(ब) एकपक्षीय डिक्री का क्या अर्थ है ? उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिनमें एकपक्षीय डिक्री अपास्त की जा सकती है । 10

(स) अंतराभिवचनीय वाद से आप क्या समझते हैं ? अंतराभिवचनीय वाद से सम्बंधित शर्तों एवं प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । 20

(a) Explain the essential ingredients of Summon. What are the different modes of service of summons to the defendant ?

(b) What is meant by ex-parte decree ? Examine the circumstances where an ex-parte decree may be set aside.

(c) What do you understand by inter-pleader suit ? Explain the conditions and procedure relating to inter-pleader suit.

3. निम्नलिखित समस्याओं के उत्तर कारण सहित संबंधित प्रावधानों के साथ दीजिए :

(अ) 'ब', 'अ' को चेन्नई क्षेत्र के लिए अपने उत्पादों के व्यवहारी नियुक्त करने हेतु अपनी फर्म का कारखाना प्रतिनिधि नियुक्त करता है । फर्म का मुख्यालय कोलकता में स्थित है । 'अ' की कारखाना प्रतिनिधि पद पर नियुक्ति समाप्त करते हुए 'ब' ने कोलकता में एक पत्र डाक में डाला, जो 'अ' ने चेन्नई में प्राप्त किया । 'अ', क्षतिपूर्ति एवं लेखा हेतु 'ब' के विरुद्ध एक वाद संस्थित करना चाहता है । इस मामले में वाद लाने का समुचित स्थान क्या है ? 10

(ब) लोक निर्माण विभाग के एक अवर अभियंता को अधीक्षण अभियंता द्वारा पदच्युत किया गया । उसने इस निर्णय को उच्च न्यायालय में रिट याचिका प्रस्तुत कर इस आधार पर चुनौती दी कि उसे सुनवाई का उचित अवसर प्रदान नहीं किया गया । यह रिट याचिका खारिज कर दी गयी । तब उसने एक दीवानी वाद संस्थित किया तथा एक अतिरिक्त कथन किया कि उसकी नियुक्ति मुख्य क्षेत्रीय अभियंता द्वारा की गयी थी इसलिए अधीक्षण अभियंता, पद में अवर होने के कारण, उसके विरुद्ध यह आदेश पारित करने में सक्षम नहीं है । इस दीवानी वाद में राज्य का प्रतिरोध यह है कि वाद पूर्व न्याय से वर्जित है । निर्णय कीजिए । 10

(स) 'अ' आदेश 32 के अधीन अपने अवयस्क प्रतिपाल्य 'ब' की ओर से 'स' के विरुद्ध एक वाद संस्थित करता है । वाद के लंबित रहने के दौरान 'ब' वयस्कता प्राप्त कर लेता है तथा आगे की कार्यवाही के लिए आपकी राय माँगता है । 'ब' को राय दीजिये । यदि 'ब' सह-वादी हो, तो क्या कोई अन्तर होगा ? **10**

(द) 'अ' ने एक नियतकालिक पत्रिका में मानहानिकारक लेख के कारण नुकसानी के लिए वाद प्रस्तुत किया । वाद के लंबित होने के दौरान 'अ' की मृत्यु हो गयी । क्या 'अ' के वैध उत्तराधिकारी वाद जारी रख सकते हैं ? **10**

Answer the following problems with reasons and relevant provisions :

(a) 'B' appoints 'A' as Factory Representative of his Firm for Chennai territory for appointing dealers of his products there. Firm's Head Office is situated at Kolkata. 'B' posted a letter at Kolkata terminating the appointment of 'A' as Factory Representative, which was received by 'A' at Chennai. 'A' wants to file a suit against 'B' for damages and accounts. What is the proper place of suing in this case ?

(b) A Junior Engineer of Public Works Department was dismissed from service by the Superintending Engineer. He challenged the said decisions by filing a writ petition in the High Court on the ground that he was not afforded a reasonable opportunity of being heard. The writ petition was dismissed. He then filed a civil suit and raised an additional plea that he was appointed by the Chief Zonal Engineer and, therefore, Superintending Engineer being lower in rank, was not competent to pass this order against him. In this civil suit, contention of State is that the suit was barred by res judicata. Decide.

(c) 'A' files a suit in the name and on behalf of his minor ward 'B' against 'C' under order 32. During pendency of the suit 'B' attains majority and seeks your advice for further course of action. Advice 'B'. Will it make any difference if 'B' happens to be a Co-plantiff ?

(d) 'A' filed a suit for damages on account of defamatory article published in a periodical. 'A' dies during the pendency of suit. Can legal heirs of 'A' continue the suit ?

4. (अ) अस्थायी व्यादेश के प्रार्थना पत्र पर विचारण करते समय न्यायालय का मार्गदर्शन करने वाले मुख्य सिद्धांत क्या हैं ? 10

(ब) डिक्री के निष्पादन में सम्पत्ति की कुर्की से सम्बंधित प्रावधानों की विवेचना कीजिए । 15

(स) निम्नलिखित के सन्दर्भ में प्रथम अपीलीय न्यायालय के कर्त्तव्यों एवं शक्तियों को बताइये :

(i) प्रतिप्रेषण

(ii) अतिरिक्त विवाद्यकों की रचना

(iii) अतिरिक्त साक्ष्य

(iv) डिक्री का उपान्तरण 15

(a) What are the main principles which guide the court, while dealing with an application for temporary injunction ?

(b) Discuss the provisions in respect of attachment of property in execution of decree.

(c) State the duties and powers of first appellate court with reference to :

(i) Remand

(ii) Framing of additional issues

(iii) Additional evidence

(iv) Modification of decree

**खण्ड-ब/Section-B**

5. (अ) तथ्यों की सुसंगतता का क्या अर्थ है ? तृतीय व्यक्तियों की राय कब सुसंगत होती हैं ? संक्षेप में विवेचना कीजिये । 15

(ब) 'अ' एक सात वर्ष की बालिका 'ब' के साथ बलात्कार का अभियुक्त है । 'अ' के विरुद्ध साक्ष्य 'ब' का वह परिसाक्ष्य है, जिसे न्यायालय में शपथ ग्रहण कराये बिना रिकॉर्ड किया गया था । 'ब' की माता ने अभिसाक्ष्य दिया है कि घटना के चार घंटे बाद उसे 'ब' ने सारी बात बतायी थी । क्या यह दोनों साक्ष्य ग्राह्य हैं ? क्या इस साक्ष्य के आधार पर 'अ' को दोषसिद्ध किया जा सकता है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । 15

(स) 'अ', 'ब' की हत्या का अभियुक्त है । 'अ' ने अपने मित्र 'स' को सम्बोधित पत्र यह कथन करते हुए लिखा कि उसने यह अपराध कारित किया है । यह पत्र एक पुलिस अधिकारी के हाथ लग गया । क्या इस पत्र की अंतर्वस्तुएँ 'अ' के विरुद्ध साक्ष्य के रूप में सुसंगत है ? 10

(a) What is meant by 'relevancy of facts' ? When are opinions of third persons relevant ? Discuss in brief.

(b) 'A' is accused of raping a seven years old girl 'B'. The evidence against 'A' is the testimony of 'B', which was recorded in the court without administering oath. The mother of 'B' has deposed that 'B' narrated the whole thing to her after four hours of incident. Are these two evidences admissible ? Can 'A' be convicted on the basis of this evidence ? Give reasons in support of your answer.

(c) 'A' is accused of the murder of 'B'. 'A' wrote a letter addressed to his friend 'C' stating that he had committed that crime. The letter fell into the hands of a police officer. Are the contents of this letter relevant as evidence against 'A' ?

6. (अ) विबंधन के सिद्धान्त का वर्णन कीजिये तथा विबंधन एवं स्वीकृति में अन्तर बताइये । 20

(ब) 'अ' ने 'ब' से एक घर पट्टे पर लिया और वहाँ किरायेदार की तरह रहता है । 'ब' ने 'अ' से तीन माह के अवशेष किराये के भुगतान की माँग की । 'अ' प्रतिवाद करता है कि 'ब' घर का स्वामी नहीं है । क्या 'अ' को इस घर में 'ब' के स्वत्व से इंकार करने की अनुमति दी जा सकती है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिये । 10

(स) 'रेस जेस्टी' के सिद्धांत का वर्णन कीजिए । 10

(a) Explain the doctrine of estoppel and distinguish between admission and estoppel.

(b) 'A' taken a house on lease from 'B' and lives there as tenant. 'B' made a demand to 'A' for payment of arrears of rent for three months. 'A' contends that 'B' is not the owner of the house. Can 'A' be permitted to deny the title of 'B' in the said house ? Give reasons for your answer.

(c) Explain the doctrine of Res Gestae.

(अ) मृत्युकालिक घोषणा के आवश्यक तत्त्वों की विवेचना कीजिए । मृत्युकालिक घोषणा कब सुसंगत होती है ? क्या मृत्युकालिक घोषणा दोषसिद्धि का एकमात्र आधार हो सकती है ? 20

(ब) 'ब' के बारे में एक मानहानिकारक कथन एक पत्रिका में प्रकाशित करने से 'अ', 'ब' की मानहानि का अभियुक्त है । क्या उसी पत्रिका के एक पूर्व अंक में 'अ' के द्वारा 'स' के बारे में एक मानहानिकारक कथन के प्रकाशन का साक्ष्य ग्राह्य है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिये । 10

(स) 'एक दस्तावेज की अन्तर्वस्तुओं के अतिरिक्त सभी तथ्यों को मौखिक साक्ष्य से सिद्ध किया जा सकता है, जो प्रत्येक दशा में प्रत्यक्ष होना चाहिए ।' संक्षिप्त विवेचना कीजिए । 10

(a) Discuss the essential elements of 'dying declaration'. When is dying declaration relevant ? Can dying declaration form the sole basis of conviction ?

(b) 'A' is accused of defamation of 'B' by publishing a defamatory article about 'B' in a magazine. Is the evidence of publication of defamatory statement by 'A' about 'C' in the previous issue of same magazine admissible ? Give reasons for your answer.

(c) 'All facts except the contents of document may be proved by oral evidence, which in all cases be direct'. Discuss in brief.

## खण्ड-स / Section-C

8. (अ) वारंट निर्गत करने वाले न्यायालय के क्षेत्राधिकार के परे उस वारंट के निष्पादन के लिए किस प्रक्रिया का अनुसरण किया जायेगा ? 10

(ब) जब एक अभियुक्त के विरुद्ध वारंट निष्पादित न हो, तो न्यायालय के समक्ष उसकी उपस्थिति हेतु उसे बाध्य करने के लिए अगली कार्यवाही क्या है ? 10

(स) क्या एक मजिस्ट्रेट दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 (2) के अधीन पुलिस के द्वारा फाइल की गई अंतिम रिपोर्ट के आधार पर संज्ञान लेने हेतु बाध्य है ? क्या ऐसा संज्ञान लेने पर कोई निर्बन्धन है ? निर्णीत विधि सहित विवेचना कीजिए । 20

(a) What is the procedure to be followed in executing a warrant beyond the jurisdiction of court which issued it ?

(b) When the warrant against an accused is not executed, what is the next step for compelling his appearance before the court ?

(c) Is the Magistrate bound to take cognizance of an offence on the basis of the final report filed by the police under section 173(2) of Cr.P.C. ? Is there any restriction for taking such cognizance ? Discuss with case law.

9. (अ) एक पुलिस विवेचना अधिकारी संज्ञेय अपराध की विवेचना के दौरान इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि केवल एक असंज्ञेय अपराध कारित किया गया था तथा विवेचना पूर्ण करने के उपरान्त तद्नुसार मजिस्ट्रेट के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देता है । मजिस्ट्रेट क्या कार्यवाही अपनाएगा ? **10**

(ब) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन पत्नी, बालकों तथा माता-पिता के भरण-पोषण से सम्बंधित प्रावधानों की विवेचना कीजिए । **20**

(स) संक्षिप्त विचारण की प्रकृति एवं प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । 'अ', 'ब' की ₹ 500 मूल्य की सम्पत्ति चुराकर, चोरी कारित करता है । क्या इस अपराध का संक्षिप्त विचारण किया जा सकता है ? **10**

(a) A police investigation officer, while investigating cognizable offence concluded that only a non cognizable offence was committed and accordingly submits his report before the Magistrate after completion of investigation. What course shall the Magistrate adopt ?

(b) Discuss the provisions related to maintenance of wife, children and parents under the Code of Criminal Procedure.

(c) Explain the nature and procedure of summary trial. 'A' commits theft by stealing property of 'B' worth ₹ 500. Can this offence be tried summarily ?

. (अ) "प्रत्येक पृथक अपराध, जिसके लिए कोई व्यक्ति अभियुक्त है, उसका पृथक आरोप होगा तथा प्रत्येक ऐसे आरोप का पृथक विचारण किया जाएगा ।" विवेचना कीजिए । क्या इस नियम के कुछ अपवाद हैं ? **20**

(ब) 28 अगस्त 2015, को 'अ' ने 'ब' के घर में चोरी की तथा दूसरी चोरी उसी दिनांक को 'स' के घर में की और पुन: 30 अगस्त, 2015 को 'द' के घर में चोरी की । क्या तीनों अपराधों के लिए उसका अभियोजन एक ही विचारण में किया जा सकता है ? कारणों सहित विवेचना कीजिए । **10**

(स) निम्नलिखित में विभेद कीजिए : **10**

(i) संज्ञेय तथा असंज्ञेय अपराध

(ii) जमानतीय तथा गैरजमानती अपराध

(a) "For every distinct offence, of which any person is accused, there shall be separate charge and every such charge shall be tried separately. Discuss. Are there any exceptions to this rule ?

(b) 'A' committed theft at the house of 'B' on 28 August, 2015 and committed second theft on the same date at the house of 'C' and again committed theft at the house of 'D' on 30 August, 2015. Can he be prosecuted for all three offences in one trial ? Discuss with reasons.

(c) Distinguish between :

(i) Cognizable and non-cognizable offence

(ii) Bailable and non-bailable offence

---

No. of Printed Pages : 8

2015

# विधि (दाण्डिक, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ) : प्रश्न-पत्र-III

# LAW (Penal, Revenue and Local Laws) : Paper-III

निर्धारित समय : तीन घंटे ] [अधिकतम अंक : 200

Time allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**नोट :** अभ्यर्थी कुल **छह** प्रश्नों के उत्तर दें । प्र.सं. **1** और **2** अनिवार्य हैं तथा शेष **दो-दो** प्रश्न खण्ड (अ) और (ब) से होने चाहिए । प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके अन्त में दिए हुए हैं ।

**Note :** Candidate should answer **six** question in all. Question No. **1** and **2** are compulsory and rest **two** each should be from Section-A and Section-B. Marks carried by each question are indicated at its end.

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) उ.प्र. जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा 4(2) के अधीन जारी की गई विज्ञप्ति का प्रभाव । **10**

(ब) चकबन्दी योजना से अपवर्जित भूमि । **10**

(स) अन्तरिम चकबन्दी योजना का अर्थ एवं पुष्टीकरण । **10**

(द) चकबन्दी क्रियाओं की समाप्ति । **10**

Write short notes on the following :

(a) Effects of notification issued u/s 4(2) of U.P. Consolidation of Holding Act, 1953.

(b) Land excluded from consolidation scheme.

(c) Meaning and confirmation of the provisional consolidation scheme.

(d) Closure of consolidation operations.

2. निम्नलिखित की विवेचना कीजिए :

(अ) उ.प्र. पंचायत राज अधिनियम, 1947 के अधीन ग्राम प्रधान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव । **05**

(ब) मानक किराये का निर्धारण । **05**

(स) नगरपालिका का गठन और उसके विघटन के परिणाम । **10**

(द) नगरपालिका के सदस्य को पद से हटाना । **10**

Discuss the following :

(a) No confidence motion against Gram Pradhan under U.P. Panchayat Raj Act, 1947.

(b) Determination of standard rent.

(c) Composition of municipality and consequences of its dissolution.

(d) Removal of the member of the municipality.

**खण्ड – अ**

**Section – A**

3. निम्नलिखित की विवेचना कीजिए :

(अ) जमीदारी उन्मूलन के मुख्य कारण **10**

(ब) गाँव कोष एवं संचित गाँव कोष **10**

(स) सीर भूमि एवं खुदकाश्त भूमि में अंतर **10**

(द) संक्रमणीय अधिकार वाले भूमिधर एवं असंक्रमणीय अधिकार वाले भूमिधर के अधिकारों में अन्तर । **10**

Discuss the following :

(a) Main reasons for the abolition of zamindari.

(b) Gaon fund and consolidated gaon fund

(c) Distinction between Sir land and Khudkasht land

(d) Distinction between the rights of a bhumidhar with transferable rights and a bhumidhar with non-transferable rights.

4. (अ) जोत के समर्पण तथा परित्याग से आप क्या समझते हैं ? इस सम्बन्ध में उ.प्र. जमीनदारी उन्मूलन एवं भू. व्यवस्था अधिनियम, 1950 के सुसंगत उपबन्धों की विवेचना कीजिए तथा समर्पण एवं परित्याग में अन्तर कीजिए । 20

(ब) भूमि की वे कौन सी श्रेणी हैं जिन्हें भूमि प्रबन्धक समिति किसी व्यक्ति को भूमिधर के रूप में नहीं उठा सकती है ? उ.प्र. जमीनदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 के सुसंगत उपबन्धों का उल्लेख करते हुए उत्तर दीजिए । असंक्रमणीय अधिकार वाले भूमिधर या असामी को कृषि भूमि का आबण्टन करते समय उ.प्र. जमीनदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 के अधीन अपनाए जाने वाले वरीयता क्रम को बताइए । 20

(a) What do you understand by surrender and abandonment of holding ? Answer giving reference to relevant provisions of U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950. State the difference between surrender and abandonment.

(b) Which are those category of land on which Land Management Committee can not admit a person as a Bhumidhar ? Answer referring to the relevant provisions of U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950. State the order of preference to be followed under U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950, while allotting agricultural land to a Bhumidhar with non-transferable rights or to an Asami.

5. (अ) निम्नलिखित में कौन अधिमान्य उत्तराधिकारी है ?

(i) 'अ' एक पुरुष भूमिधर 2010 में बिना वसीयत किए मर जाता है । 'अ' अपने पीछे अपनी विधवा 'डब्ल्यू', एक पुत्र 'एक्स', एक पूर्व मृत पुत्र की विधवा 'वाई' और एक सौतेला पुत्र 'जेड' को छोड़ जाता है । 10

(ii) 'अ' एक महिला भूमिधर जो स्वयं अधिकारी है, बिना वसीयत किए अपने पीछे अपने पिता, पति, पुत्र और अविवाहिता पुत्री को छोड़कर मर जाती है । 10

(ब) (i) एक संयुक्त परिवार में 'अ', 'ब' और 'स' तीन भाई थे । 'अ' सबसे बड़ा और वयस्क था । 'ब' और 'स' अवयस्क थे । तीनों भाई सह-भूमिधर थे । 'अ' ने विवादग्रस्त भूमि को 'द' को बेच दी । विक्रय-विलेख का निष्पादन 'अ' ने अपनी ओर से तथा अवयस्क भाई 'ब' और 'स' के संरक्षक की ओर से किया । क्या यह विक्रय वैध है ? समझाइए । 10

(ii) 'अ' के पास 10 एकड़ भूमिधर भूमि है और 'ब' के पास 5 एकड़ भूमिधर भूमि है । 'ब' अपनी 5 एकड़ भूमि का विक्रय अ को कर देता है ? क्या अन्तरण वैध है ? कारण सहित उत्तर दीजिए । 10

(a) Who is the preferent heir in the following cases ?

(i) 'A' a male Bhumidhar dies intestate in 2010. 'A' leaves behind him his widow 'W', a son 'X', a widow of predeceased son 'Y' and step son 'Z'.

(ii) A female Bhumidhar holding in her own rights dies intestate leaving behind her father, husband, son and unmarried daughter.

(b) (i) In a joint family 'A', 'B' and 'C' were three brothers. 'A' was eldest and major. B and C were minors. All the three brothers were joint bhumidhars. 'A' transferred the disputed land to 'D'. The sale deed was executed by 'A'. On his own behalf as a major and on behalf of 'B' and 'C' as a guardian. Is this sale valid ? Explain.

(ii) A possesses 10 acres of bhumidhari land and B possesses only 5 acres of bhumidhari land. 'B' transfers his 5 acres land to 'A'. Is this sale valid ? Explain with reasons.

6. (अ) उन आधारों को बताइए जिन पर किसी भवन से किरायेदार को उसकी किरायेदारी की समाप्ति पर बेदखल करने के लिए वाद संस्थित किया जा सकता है । सुसंगत उपबन्धों एवं निर्णीत वाद विधि की सहायता से विवेचना कीजिए । 20

(ब) उन परिस्थितियों को बताइए जिनमें किसी भवन के मकान मालिक या किरायेदार का भवन से अध्यासन समाप्त समझा जाएगा । सुसंगत उपबन्धों एवं निर्णीत वाद विधि का हवाला देते हुए उत्तर दीजिए । 20

(a) State the grounds on which suit for the eviction of a tenant on the termination of his tenancy may be instituted. Discuss with the help of relevant provisions and decided case law.

(b) State the circumstances in which a landlord or tenant of a building shall be deemed to have ceased to occupy the building. Answer referring to the relevant provisions and decided case law.

खण्ड – ब

## Section – B

7. कारण सहित बताइए कि यदि कोई अपराध हुआ हो तो कौन सा ।

(क) एक शिशु 'य' के साथ 'क' एक जलते हुए घर में है । घर के नीचे लोग एक कम्बल तान देते हैं । 'क' उस शिशु को यह जानते हुए कि सम्भाव्य है कि गिरने से यह शिशु मर जाए किन्तु उस शिशु को मार डालने का आशय न रखते हुए और सद्भावपूर्वक उस शिशु के फायदे के आशय से घर की छत से नीचे गिरा देता है । गिरने से वह शिशु मर जाता है । **05**

(ख) 'क', एक शल्यचिकित्सक, एक रोगी को सद्भावपूर्वक यह सूचित करता है कि उसकी राय में वह जीवित नहीं रह सकता । इस आघात के परिणामस्वरूप उस रोगी की मृत्यु हो जाती है । **05**

(ग) 'घ' की हत्या करने के लिए 'ख' को 'क' उकसाता है । 'ख' ऐसी उकसाहट के अनुसरण में 'घ' को विद्ध करता है । 'घ' का घाव अच्छा हो जाता है । **05**

(घ) 'क' एक बाक्स में, जो 'य' का है इस आशय से आभूषण रखता है कि वे उस बाक्स में पाए जाएँ और उस परिस्थिति में 'य' चोरी के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाए । **05**

(ङ) 'य' की नाक खींचने का प्रयत्न 'क' करता है । 'य' प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में ऐसा करने से रोकने के लिए 'क' को पकड़ लेता है । परिणामस्वरूप 'क' को अचानक और तीव्र आवेश आ जाता है और वह 'य' का वध कर देता है । **05**

State with reasons what offence, if any, has been committed.

(a) 'A' is in a house which is in fire with 'Z', a child. People below hold out a blanket, 'A' drop the child from the house top. Knowiing it to likely that the fall may kill the child, but not intending to kill the child and in good faith for the child's benefit. The child is killed by the fall.

(b) 'A' a surgeon, in good faith, communicates to a patient, his opinion that he cannot survive. The patient dies in consequence of the shock.

(c) 'A' instigates 'B' to murder 'D'. 'B' in pursuance of the instigation stabs 'D'. 'D' recovers from the wound.

(d) 'A' puts jewels into a box belonging to 'Z' with the intention that they may be found in that box and this circumstance may cause 'Z' to be convicted of theft.

(e) 'A' attempts to pull 'Z's nose. 'Z' in the exercise of the right of private defence, lays hold of 'A' to prevent him from doing so. 'A' is moved to sudden and violent passion in consequence, and kills 'Z'.

8. (अ) आपराधिक मानव-वध से आप क्या समझते हैं ? कब यह हत्या की कोटि में आता है और कब हत्या की कोटि में नहीं आता ? व्याख्या कीजिए । 15

(ब) चोरी करने के आशय से 'क' रात के समय 'ख' के घर में प्रवेश करता है और एक कमरे से एक भारी सन्दूक निकालकर आँगन में ले आता है, जहाँ वह उसे खोलता है । लेने योग्य कोई भी वस्तु सन्दूक के अन्दर नहीं मिलती और वह सन्दूक को वहीं छोड़कर चला जाता है । क्या 'क' ने कोई अपराध किया है ? यदि हाँ, तो कौन सा ? 10

(a) What do you understand by culpable homicide ? When it is murder and when it is not murder ? Explain.

(b) A, intending to commit theft enters the house of 'B' at night and removes from one of the rooms a heavy box to the courtyard where he opens it. He does not find in the box anything worth taking and leaving it there goes away. Did 'A' committed any offence ? If yes, what offence ?

9. (अ) आपराधिक न्यास भंग क्या है ? इसके आवश्यक तत्त्व क्या हैं ? आपराधिक दुर्विनियोग से यह किस प्रकार भिन्न है ? 15

(ब) 'क' को एक मूल्यवान अंगूठी पड़ी मिलती है ? वह नहीं जानता है कि वह किसकी है । 'क' उसके स्वामी को खोज निकालने का प्रयत्न किए बिना उसे तुरन्त बेच देता है । क्या 'क' ने कोई अपराध किया है ? यदि हाँ, तो कौन सा अपराध ? 10

(a) What is criminal breach of trust ? What are its essentials ? How it differs from criminal misappropriation ?

(b) 'A' finds a valuable ring, not knowing to whom it belongs. A sells it immediately without attempting to discover the owner. Whether A has committed any offence ? If yes, what offence ?

10. (अ) मानहानि के अपराध को परिभाषित कीजिए । इसके आवश्यक तत्त्व क्या हैं ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए । **15**

(ब) 'क' 'य' की पत्नी का जार है । वह 'क' को एक मूल्यवान सम्पत्ति देती है जिसके सम्बन्ध में 'क' यह जानता है कि वह उसके पति 'य' की है, और वह ऐसी सम्पत्ति है जिसको देने का प्राधिकार उसे 'य' से प्राप्त नहीं है । इसके बावजूद 'क' उस सम्पत्ति को लेता है । क्या 'क' ने कोई अपराध किया है ? यदि हाँ, तो कौन सा अपराध ? **10**

(a) Define the offence of defamation. What are its essentials ? Explain with illustrations.

(b) 'A' is the paramour of 'Z's wife. She gives a valuable property to A which A knows that it belongs to her husband Z and as such she has no authority from 'Z' to give it to A. Inspite of this 'A' takes the property. Whether 'A' has committed any offence ? If yes, what offence ?

---